

दैनिक

# मुंबई केसरी टाइम्स

R.N.I. NO MAHHIN/2008/25162

एक साथ प्रकाशित, पालघर, ठाणे, मुंबई,

www.mumbaikesaritimes.com

वर्ष : 15 अंक : 133 शनिवार 1 अक्टूबर 2022 मूल्य 2 रुपए Post-Reg- No. PLG/95/2020/2022 पृष्ठ : 12

## शिंदे ने दी स्वास्थ्य कर्मियों को खुशखबरी, दीवाली बोनस के तौर पर मिलेगी एक महीने की पूरी सैलरी

**विशेष संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ मुंबई नगर निगम, बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं यातायात (बेस्ट) और अध्यापकों के लिए दीवाली बोनस का ऐलान किया है सीएम शिंदे ने कहा, 'नगर निगम और बेस्ट के कर्मचारियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को 22,500 रुपये बोनस के तौर पर दिया जाएगा और स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस दौरान एक महीने की सैलरी दीवाली बोनस के रूप में दी जाएगी।मुख्यमंत्री की इसी घोषणा के साथ मुंबई नगर निगम के 93 हजार कर्मचारियों, बेस्ट के 29 हजार कर्मियों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्वास्थ्य कर्मचारियों को दीवाली बोनस के तहत यह राशि दी जाएगी।' सीएम ने कहा कि मुंबई नगर निगम के कर्मचारियों ने कोरोना की मुश्किल परिस्थितियों में काफी शानदार काम किया है। मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दौरान सभी मुंबईवासी दिल लगाकर काम करें। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के समय में मौके पर सांसद राहुल शेवाले, मुंबई नगर निगम के आयुक्त और प्रबंधक डा आइएस चहल, अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े और निगम के अलग-अलग विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सीएम शिंदे ने कहा, 'नगर निगम के कर्मचारियों ने कोविड-19 की मुश्किल परिस्थितियों में काफी बेहतरीन काम किया है। डॉक्टर्स और स्टाफ ने मिलकर कोरोना के समय में मुंबई में परिस्थिति को काबू में रखने में अहम भूमिका निभाई है।



विकासात्मक गतिविधियों में जरूर पैसे खर्च करने चाहिए लेकिन जिन्होंने अच्छा काम किया है उन्हें भी प्रोत्साहित करना चाहिए। विकास कार्यों और कर्मचारियों की भलाई की योजनाओं में सही तालमेल बैठना चाहिए क्योंकि ये कर्मचारी और नागरिक हमारे अपने ही तो हैं। दीवाली बोनस का ऐलान करते वक्त सीएम ने खुशी के साथ लोगों से दीवाली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा, विकासात्मक गतिविधियों और मुंबई नगर निगम के कर्मचारियों से संबंधित परेशानियों को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा। अब सभी को मुंबई के लोगों के लिए दिल से काम करना चाहिए। दीवाली बोनस का ऐलान करते वक्त सीएम ने खुशी के साथ लोगों से दीवाली मनाने की अपील की।

## विविसीएमसी के बस में लगी भीषण आग,मची अफरा-तफरी

**MKT संवाददाता**

**वसई।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका की एक बस में शुक्रवार को अचानक आग लग गई,हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस जलकर खाक हो गई।मिली जानकारी के अनुसार,वसई-विरार शहर महानगरपालिका ने हाल ही में अपने परिवहन बेड़े में सीएनजी बसों को जोड़ा है,यात्रियों को लेकर विविसीएमसी की सीएनजी बस शुक्रवार दोपहर करीब नालासोपारा धनिव बाग से हाईवे की ओर जा रही थी। लेकिन अचानक इस बस में आग लग गई. आग की भनक लगते ही चालक ने बस रोक दी और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद विविसीएमसी दमकल कर्मियों को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बार फिर से परिवहन का ढुलमुल प्रबंधन सामने आ गया है। दो सप्ताह पूर्व चलती बस के दो पहिए अचानक निकल गए। वही इस मामले को शिवसेना की महिला विकास आघाडी ( अधिवक्ता ) कल्याणी पाटिल ने कहा कि हो रहे इस तरह की घटनाओं को विविसीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी इस पर गंभीरता से विचार किया जाए।



## टोरेंट की संपत्ति नुकसान व बिजली चोरी के मामले में गुनाह दाखल

**MKT संवाददाता**

**भिवंडी।** भिवंडी शहर व ग्रामीण परिसर में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कंपनी के सतर्कता विभाग द्वारा आऐ दिन चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में टोरेंट पॉवर कंपनी के एक्जीक्यूटिव कर्मचारी निता कृष्णा कात्राले व उनकी टीम ने खंडूपाडा, सार्वजनिक शौचालय के पास, बाहुद्दीन झोपडपट्टी क्षेत्र में बिजली नेटवर्किंग के साथ साथ छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल कर रहे शकील अंसारी व उसके एक मित्र के खिलाफ शांतिनगर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ 18 हजार रूपये बिजली चोरी करने व नेटवर्किंग से छेड़छाड़ प्रकरण में बिजली अधिनियम 2003 के कलम 138,भादंवि की धारा 336,337 व सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान 1984 के कलम 3 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह दूसरी घटना में कंपनी के एक्जीक्यूटिव कर्मचारी शिवानी मोहन मेश्राम व उनकी टीम ने मुर्तजा नगर, गौसिया रोड़, शांतिनगर परिसर स्थित मकान नंबर 616 पर छापेमारी कर बिजली उपभोक्ता हजरा मकदुम शेख व बिजली इस्तेमाल कर रहे ताहिर मकदुम शेख के खिलाफ बिजली चोरी की शिकायत शांतिनगर पुलिस थाना में दर्ज करवाई है। पुलिस के मुताबिक दोनों ने 16 अप्रेल 21 से 15 अप्रेल 2022 तक अपने आर्थिक फायदे के लिए टोरेंट पॉवर कंपनी के मिनी सेक्सन पीलर से अवैध कनेक्शन कर 10,403 यूनिट बिजली इस्तेमाल करते हुए 2,62,884.60 रूपये की बिजली चोरी किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक राज माली कर रहे है।

## मोहन भागवत ने मोदी सरकार की तारीफ की, कहा- संकट में केवल भारत ने श्रीलंका की मदद की

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि जब श्रीलंका और मालदीव संकट में थे, तब केवल भारत ने ही उनकी मदद की, जबकि अन्य देशों की रुचि व्यापार के अवसर तलाशने में थी। उन्होंने कहा, आध्यात्मिकता भारत की आत्मा है। भारत को क्या करने की जरूरत है? उसे हर किसी को अपने उदाहरण के माध्यम से इस आध्यात्मिकता के आधार पर जीवन जीने का तरीका बताना है। भागवत ने आरएसएस से जुड़े संगठन 'भारत विकास मंच' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



कहा कि आध्यात्मिकता 'भारत की आत्मा' है। भागवत ने कहा कि चीन, अमेरिका और पाकिस्तान जैसे देशों ने श्रीलंका की ओर तब ध्यान दिया, जब उन्हें वहां कारोबार के अवसर दिखे। उन्होंने कहा, 'लेकिन जब श्रीलंका संकट में है, तो कौन मदद कर रहा है? केवल भारत। जब मालदीव जल संकट का सामना कर रहा था, तो उसे पानी किसने भेजा? भारत ने ऐसा किया। यह आध्यात्मिक भारत है।' उन्होंने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की बात करते हुए कहा, 'यदि आप गलत (प्रकार का) खाना खाते हैं, तो यह आपको गलत रास्ते पर ले जाएगा। किसी को 'तामसिक' भोजन नहीं करना चाहिए।'उन्होंने कहा कि भारत में भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह लोग मांस खाते हैं, लेकिन वे ऐसा करते समय संयम बरतते हैं और कुछ नियमों का पालन करते हैं। भागवत ने कहा, 'जो लोग यहां मांसाहारी भोजन करते हैं, वे श्रावण के पूरे महीने मांस नहीं खाते। वे सोमवार, मंगलवार, गुरुवार या शनिवार को मांस नहीं खाते हैं। वे अपने लिए कुछ नियम बनाते हैं।'

## होटल में मॉडल ने की आत्महत्या, पंखे से लटका मिला शव

मुंबई के अंधेरी इलाके के एक होटल के कमरे में गुरुवार को एक मॉडल का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, मॉडल ने बुधवार रात करीब 8 बजे होटल में चेक-इन किया और डिनर भी ऑर्डर किया। हाउसकीपिंग स्टाफ के बार-बार फोन करने पर गुरुवार को उसने दरवाजा नहीं खोला। होटल मैनेजर ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में जब कमरा खोला गया तो शव पंखे से लटका मिला। साथ ही पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है।

होटल के कमरे में पुलिस के मिले सुसाइड नोट पर मॉडल ने लिखा है, 'मुझे खेद है। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। मैं खुश नहीं हूं। मुझे बस शांति चाहिए।' वर्सोवा पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की जांच चल रही है।

# संपादकीय

## महिलाओं का अधिकार

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपने शरीर पर महिलाओं के अधिकार को फिर एक बार पुष्ट किया, तो यह स्वागतयोग्य होने के साथ ही आगे के फैसलों के लिए अनुकरणीय भी है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने साफ फैसला सुनाया है कि किसी भी महिला, विवाहित या अविवाहित, को 24 सप्ताह तक बिना किसी मंजूरी के गर्भपात कराने का अधिकार है। इसके साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी विवाहित महिला को जबरन गर्भवती करना 'मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट' के तहत बलात्कार माना जा सकता है। गुरुवार को आए इस फैसले से महिला सशक्तीकरण को बहुत बल मिलेगा। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट के तहत गर्भपात के नियम स्पष्ट रूप से वर्णित हैं, उन्हीं के अनुरूप सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया है।

यह दुखद तथ्य है कि देश में अभी भी महिलाओं से जुड़े ज्यादातर फैसले पुरुष ही करते हैं। महिलाओं को अपने शरीर से जुड़े मुद्दों पर भी पुरुषों की मंजूरी लेनी पड़ती है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही महिलाओं के इस अधिकार पर रोशनी डाल चुका है। असल में, भारत जैसे सामाजिक रूप से जटिल पुरुषवादी देश में न्यायालयों को ऐसे फैसले बार-बार दोहराने या परिभाषित करने पड़ते हैं। ध्यान रहे, इस अधिकार तक पहुंचने में महिलाओं को लंबा समय लगा है। अपने इस अधिकार के प्रति सभी महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए। पुरुषों को भी यह पता होना चाहिए कि उनका अधिकार क्षेत्र कहां खत्म हो जाता है। ऐसे फैसलों से प्रेरणा मिलनी चाहिए और महिलाओं के साथ किसी भी तरह की ज्यादती का अंत होना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा है कि विवाहित महिलाएं भी बलात्कार पीड़ित हो सकती हैं। बलात्कार का अर्थ है, बिना सहमति के संबंध बनाना। अगर ऐसा होता है, तो वैवाहिक रिश्ते में भी इसे दुष्कर्म ही माना जाएगा। महिला की सहमति सबसे जरूरी है। मौजूदा नियमों के अनुसार, तलाकशुदा, विधवा महिलाएं 20 सप्ताह के बाद गर्भपात नहीं करा सकतीं, लेकिन अन्य सभी महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति का प्रावधान है। अदालत का यह फैसला 25 साल की गर्भवती अकेली युवती की अर्जी पर आया है। इस युवती को उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली थी, लेकिन सवोर्च्च न्यायालय में न्याय के साथ ही नियमों को नई व्याख्या भी मिली है। शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया कि किसी महिला से यह अधिकार छीनना उसकी गरिमा को कुचलने जैसा काम है।

गर्भपात और महिलाओं के अधिकार के मामले में भारत सामान्य रूप से दुनिया में बहुत आगे है। अनेक देश अभी भी गर्भपात को मंजूरी नहीं देते हैं। गर्भपात को मंजूरी देने वाले देशों की संख्या 100 भी नहीं है। लीबिया, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, ईरान और वेनेजुएला सहित लगभग 50 देश तब गर्भपात की अनुमति देते हैं, यदि किसी महिला का स्वास्थ्य जोखिम में हो। कई अन्य देश बलात्कार, अनाचार या भ्रूण असामान्यता की स्थिति में ही गर्भपात को मंजूरी देते हैं। अमेरिका में भी गर्भपात के अधिकार को लेकर विवाद चलता रहता है और वहां राज्यों के कानून अलग-अलग हैं। इस मोर्चे पर भारत के कानून काफी पुख्ता हैं, लेकिन यहां समाज में लोगों की सोच बदलने में समय लग रहा है। महिलाओं की सुरक्षा का दायरा बढ़ना चाहिए और यह तभी बढ़ेगा, जब उन्हें वास्तविक रूप से अधिकार दिए जाएंगे।

हिंदी, मराठी न्यूज पेपर एवं डीटीपी से संबंधित अन्य काम के लिए संपर्क करें
7972530640, 7768012207

# नवरात्र का व्रत रख रहे हैं, तो न करें ये 10 गलतियां

नवरात्र का समय जश्न मनाने और उत्साह से भरा होता है। नवरात्र का त्योहार इस साल 26 सितंबर को शुरू हुआ है, जो 5 अक्टूबर दशहरा के साथ समाप्त हो जाएगा। कई लोग 9 दिन उपवास करते हैं। लेकिन यह समय आपके शरीर पर भारी न पड़ जाए, इसलिए आपको कुछ बातों का ख्याल ज़रूर रखना चाहिए।

जब आप व्रत रख रहे होते हैं, तो कोशिश करें कि ज़रूरत से ज़्यादा न खा लें। इससे आपको पेट से जुड़ी परेशानी शुरू हो जाएंगी। खाने के सेवन को सीमित ही रखें।

जब आप व्रत रख रहे होते हैं, तो बॉडी डिटॉक्स भी होती है, इसलिए इस दौरान जितना हो सके उतना रिफाइन्ड चीनी खाने से बचें। सफेद चीनी प्रोसेस्ड होती है और काफी अनहेल्दी भी। इसकी जगह आप गन्ने या गुड़ की चीनी खा सकते हैं।

क्योंकि आप उपवास रख रहे हैं, इसलिए आपको अजीब वक्त पर भूख लग सकती है। इसका मतलब यह नहीं कि आप अनहेल्दी खाना खा लें। इस दौरान मखाना, शकरकंद के फ्राइज़, नट्स और फल खा सकते हैं।

किसी भी तरह के व्रत के दौरान फाइबर से भरपूर खाना खाना ज़रूरी होता है। जो आपका पाचन सही रखने के साथ आपके पेट को लंबे समय तक भरा भी रखता है। आपको स्नैक्स खाने से बचाता है। कद्दू, अरबी, केले और आलू फाइबर से भरे होते हैं।

मार्केट में आपको व्रत के लिए कई चीज़ें मिल जाएंगी। इस दौरान हम मिठाइयों, नमकीन और न जाने किन-किन अनहेल्दी चीज़ों का सेवन कर बैठते हैं। ये न सिर्फ प्रोसेस्ड होती हैं, बल्कि रिफाइन्ड और खराब तेल से बनी होती हैं। उपवास इन चीज़ों को खाकर न रखें।

उपवास के इस सीज़न में तले हुए खाने से दूरी बनाएं। इन्हें देखकर भले ही मुंह में पानी आ जाता हो, लेकिन यह आपके शरीर को सिर्फ नुकसान पहुंचाने का ही काम करते हैं। इससे आपका पेट फूल सकता है और पाचन से जुड़ी दिक्कतें भी शुरू हो सकती हैं।

आज चाहे कभी भी व्रत रखें, आपका शरीर एक डिटॉक्स से गुज़र रहा होता है और उसे काफी आराम की ज़रूरत होती है। इसलिए सुनिश्चित करें कि 7 से 8 घंटे की नींद ज़रूर लें। दिमाग को शांत करने के लिए ध्यान का अभ्यास भी कर सकते हैं।

व्रत रखते समय खुद सुनिश्चित करें कि खुद को ज़रूरत से ज़्यादा न थका दें। त्योहार का जश्न और व्रत वैसे ही शरीर को काफी थका देता है। इसलिए लंबे समय तक भूखे न रहें, कुछ न कुछ खाते रहें, ताकि शरीर में एनर्जी बनी रहे।

आप चाहे उपवास रख रहे हों या नहीं, पानी की पर्याप्त मात्रा का ख्याल रखना बेहद ज़रूरी है। शरीर हाइड्रेट रहेगा, तो आप कई बीमारियों से बचे रहेंगे। आप व्रत के दौरान नारियल का पानी, दूध और फलों के जूस का सेवन कर सकते हैं। चाय या कॉफी ज़्यादा न पिएं, क्योंकि ये डिहाइड्रेट करने का काम करती हैं।

व्रत के दौरान ज़रूरी है कि आप ताज़ा मौसमी फलों का सेवन ज़रूर करें, ताकि व्रत में भी शरीर को ज़रूरी पोषण मिलता रहे।



# आपके किचन में मौजूद ये 5 औषधियां कोलेस्ट्रॉल को कम कर दिल को बनाती हैं हेल्दी!

दिल हमारे शरीर का सबसे अहम अंग है, जो पूरी बॉडी को ज़रूरी पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए जीने के लिए दिल का सेहतमंद होना बेहद ज़रूरी है। इस ज़रूरी अंग के आराम से काम करने के लिए ज़रूरी है कि हम शरीर को एक्टिव रखें, स्मोकिंग और शराब से बचें, साफ सुथरा खाएं और कोलेस्ट्रॉल को आर्टरीज़ में जमा न होने दें।

आयुर्वेद का मानना है कि हमारी ज़िंदगी दिल पर टिकी है और यह हमारे शरीर का महत्वपूर्ण ऊर्जा का केंद्र है। दिल को सेहतमंद बनाए रखना ज़रूरी है, ताकि हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत भी बनी रहे। तो आइए जानें ऐसी औषधियों के बारे में जो हमारे दिल की सेहत को फायदा पहुंचाती हैं।

आंवला विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने का काम करता है। रोज़ दो आंवला खाएं या फिर आंवला की टेब्लेट्स भी खाई जा सकती हैं।

हल्दी शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाती है, जिसमें कोलेस्ट्रॉल को कम करना, रक्त को साफ करना, पाचन में सुधार करना और टॉक्सिन्स को बाहर निकालना शामिल है। इन सभी चीज़ों से दिल की सेहत को मदद मिलती है। दूध या गर्म पानी में चुटकी भर हल्दी मिलाकर पिएं। या फिर आप हल्दी की टैबलेट्स भी खा सकती हैं।

अदरक को बेहद कारगर औषधी माना गया है, जो पाचन और ब्लड सर्क्यूलेशन को बढ़ावा देने का काम करता है। आप इसे खाने में डाल सकते हैं या फिर इसकी हर्बल चाय बनाकर पी सकते हैं।



लहसुन कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड सर्क्यूलेशन को बेहतर बनाने का काम करता है। आप लहसुन के दो से 3 कलियां कच्ची खा सकते हैं या फिर इसे हल्का-सा भून भी सकते हैं।

अर्जुन एक तरह का पेड़ है, जिसका नाम महाभारत के बहादुर योद्धा राजा के नाम पर रखा गया है।

जैसे अर्जुन ने अपने परिवार को बचाने के लिए दुश्मनों का नाश किया, माना जाता है कि ठीक इसी तरह अर्जुन वृक्ष का तना दिल की सेहत का ख्याल रखता है। दिल की सुरक्षा करने वाला यह पेड़, ब्लड प्रेशर को हेल्दी बनाए रखता है, जिससे दिल की सेहत भी बनी रहती है।



MAHARASHTRA LEGISLATIVE COUNCIL

**Notice under rule 31(3) of the Registration of Electors Rules, 1960**

1. In pursuance of rule 31(3) of the Registration of Electors Rules, 1960 each of the Electoral Registration Officers whose particulars appear in the FIRST SCHEDULE below hereby calls upon every person entitled to be registered in the electoral roll of the constituency mentioned in the said Schedule to send to or deliver at his Office, on or before 7th November, 2022 at the latest, an application in Form 19 appended to the Registration of Electors Rules, 1960 and reproduced in the Second Schedule (Form 19) below, for inclusion of his/her name.

2. The applications may also be sent to the Assistant Electoral Registration Officers / Designated Officers whose particulars are shown in the FIRST SCHEDULE.
As the electoral rolls for the Teachers' Constituencies are required to be prepared afresh every time before an election, all persons whose names are included in the existing electoral rolls for these Constituencies should also submit fresh applications in the prescribed form.

3. Qualifications:- Every person who is a citizen of India, and is ordinarily resident in the Konkan Division Teachers' constituency and has, within the six years immediately before 1st November, 2022 been engaged for a total period of at least three years in teaching in any of the educational institutions, within the State specified to be not lower in standard than that of a Secondary School is eligible to be included in the electoral roll. The list of Educational Institutions so specified is available with the officers mentioned in the First Schedule.

4. Every application in Form 19 by person seeking enrolment in Teachers' Constituency shall be accompanied by a certificate from the Head of the Educational Institution certifying the engagement of the person concerned as a teacher for a total period of three years within the last preceding six years. The format for the certificate will be as follows:-

P.T.O

**CERTIFICATE**

This is to certify that Shri./Smt./km.......................................................................... has been teaching in ..........................................................(Name of the Institution) for a total period of three years within the last preceding six years against a sanctioned post on regular/ad-hoc**basis

2. (a)** As per the records of the Institution, He/ She has been engaged in this institution continuously from .....................(date) to ......................(date)

OR

(b)**As per the records of the Institution, He/ She has been engaged in this institution for the following period of service:-

From ............... to ...............
From ............... to ...............
From ............... to ...............

(** Strike out whichever is not applicable) (Signature, Name & Seal of the Head of Institution)

6. In the case of a person who is not engaged in teaching on the date of application, the Certificate should be signed by Head of the Institution, in which he last served.
7. Applications in bulk whether submitted in person or by post, shall not be considered for inclusion by the ERO. However, the Head of the Institutions may forward the applications of all his staff together. One member of family may also submit the Form 19 of other members of the same family and may get the certificate verified by producing original certificates in respect of each member.
8. It should be noted that any person who makes a statement or declaration in the application which is false and which he either knows or believes to be false, or does not believe to be true will be punishable under Section 31 of the Representation of People Act, 1950.
9. Printed applications of Form 19 may be obtained from the Officers of ERO /AERO/ Designated Officers or Manuscript, typewritten, cyclostyled or privately printed forms will also be accepted.

**REGISTRATION OF LOST PROPERTY(हरवलेल्या मालमत्तेचा नोंदणी)**

Lost Property Registration Number (हरवलेल्या मालमत्तेचा 1311/2022 District मिरा-भाईंदर, वसई-विरार पोलीस आयुक्तालय
Date (तारीक) : 24/09/2022 Police Station वालीव

1.GD/SD/DD Number (ठाणे दैनंदिनी/एसडी/डीडी क्र.) 043
2.Date & Time of Property missing (मालमत्ता हरवल्याची तारीख 16/09/2022 19:30 घंटे
3.Place from where Property is reported missing(मालमत्ता हरवलेलं ठिकाण) : गौराईपाडा परीसरातून
4.Property Category (मालमत्तेचा

Cultural Property (सांस्कृतिक मालमत्ता)

Coin and Currency (नाणे आणि

Document Details (दस्तऐवज तपशील)
1 a)Type of Document (दस्तावेज का इतर कोणतीही कागदपत्रे
b Document No./Property identification(If any) (दस्तऐवज क्रमांक / मालमत्ता ओळख गाळा नं115चे शेयरसर
c)Estimated Value( Lost/Stolen/Involved) (In INR) (अंदाजीत (हरवलेले मूल्य) (रूपयात)) :
d File uploaded(अपलोड केलेली फाईल) नहीं

Electrical/Electronic item Details (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक वस्तू तपशील)

Jewellery (दागिने)

Other Property (इतर संपत्ति)

5. Details of the complainant (तक्रारदाराचा तपशील)
a)Name (नाव) नरेंद्र गोपालदत्त चवनाल नरेंद्र गोपालदत चवनाल
b Gender (लिंग) पुरुष c)Age (वय) :52 साल
d Occupation e)Relation type (नात्याचा वडील
f) Relative name (नातेवाईकाचे नरेंद्र गोपालदत्त चवनाल
g Mobile No. (मोबाइल
S.No.(अ.क्र.) Mobile No. (मोबाइल क्र.)
h Address (पत्ता)

| S.No.(अ.क्र.) | Address Type(पत्याचा प्रकार ) | Address(पत्ता) |
|---|---|---|
| 1 | | B/63, 03माळा किरण दर्शन कोऑपएसएच,सोसा 03 रोड सांताक्रझ पुर्व, मुंबई,वालीव,मिरा-भाईंदर, वसई-विरार पोलीस आयुक्तालय,महाराष्ट्र,भारत |
| 2 | | B/63, 03माळा किरण दर्शन कोऑपएसएच,सोसा 03 रोड सांताक्रझ पुर्व, मुंबई,वालीव,मिरा-भाईंदर, वसई-विरार पोलीस आयुक्तालय,महाराष्ट्र,भारत |

6. Details of enquiry officer (अधिका-याचा तपशील)
a)Name of EO (चौकशी अधिका-याचे sunil dattu chavhan b Rank (पद) HC (Head Constable)
c)Expected date to complete the enquiry (चौकशी पूर्ण करण्याची अपेक्षित
d Remarks (शेरा) : तक्रारदार यांच्या नावे असलेले वर्धमान इंडस्ट्रियल इस्टेट परमिशन को.ऑ.सोसा.लि.मधील गाळा नं.115चे शेयर सर्टिफिकेट वालीव पोलीस ठाणे प्रपर्टी मिसिंग रजि.नं. 1311/2022 दिनांक. 24/09/2022 अन्वये नोंद असून पुढील कार्यवाही पोहवा/ चव्हाण हे करीत असुन सदरचा दाखला देण्यात येत आहे.

Report Printed on (अहवाल मुद्रित 24/09/2022
Report Printed by (कुणाकडून अवहाल KAILASHBARV1

Signature
Name Kailas Vasant Barve
Rank पोलीस निरीक्षक
No. PNMAH
पोलीस ठाणे अंमलदार वालीव पोलीस ठाणे

# घर से अपहरण कर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित आकाश चौधरी को गौरा चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

वाल्टरगंज थाने के एक गांव की रहने वाली पीड़िता के परिजन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 14 वर्षीय बेटी अपने घर के बरामदे में 22 सितंबर की रात सो रही थी। रात करीब दो बजे बेटी को चार युवक अपने साथ वहां से दूर ले गए। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। उसे बेहोशी की हालत में झाड़ में फेंक कर भाग निकले। अगले दिन सुबह होश में आने पर घर लौटी और अपनी मां को आपबीती बताई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपितों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसमें से एक आरोपित आकाश चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, एसएसआइ संतोष कुमार सिंह, एसआइ जितेंद्र कुमार मिश्रा, कांस्टेबल प्रदुम्न कुमार व शिवानंद सिंह शामिल रहे।

# भूख बर्दाश्त नहीं हुई तो कार के सामने कूदकर की जान देने की कोशिश

**गोरखपुर।** घर से नाराज होकर निकले सहारनपुर जिले के रहने वाले युवक ने गोरखपुर में कार के आगे कूदकर जान देने का प्रयास किया। विजय चौराहा पर ड्यूटी कर रहे यातायात सिपाही ने युवक की जान बचायी। पूछने पर युवक ने बताया कि कई दिनों से भोजन नहीं मिला है इसलिए परेशान होकर जान देना चाह रहा है। यातायात सिपाही ने युवक को भोजन कराने के साथ ही अपने मोबाइल से युवक की बात उसके स्वजन से कराया, जिसके बाद वह घर लौट गया। यातायात सिपाही विजय चौराहा पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर चौधरी होटल के पास आर्य नगर की तरफ से आ रही कार के आगे कूदे युवक पर पड़ी। कार की रफ्तार धीमी होने की वजह से युवक को चोट नहीं लगी। संजय ने उसे किनारे लाकर पूछा तो बताया कि सहारनपुर जिले का रहने वाला है। स्वजन से विवाद होने पर छह दिन पहले गोरखपुर चला आया। यहां उसका मोबाइल गायब हो गया। रुपये न होने की वजह से पिछले कई दिन से भोजन नहीं कर पाया। इसलिए परेशान होकर जान देने के लिए कार के आगे कूद गया। सिपाही ने भोजन कराने के बाद युवक की बात स्वजन से कराया।एसपी यातायात डा. एमपी सिंह ने बताया कि पिता से बात होने के बाद युवक घर जाने को तैयार हो गया।उसे सहारनपुर जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया गया है।

यह दैनिक-मालक-मुद्रक-प्रकाशक- संपादक : विश्वप्रताप सिंह, द्वारा २१६ मेहता चैंबर्स, अचोले रोड, नालासोपारा पूर्व, पालघर से प्रकाशित एवं ओम साई प्रिंटर न्यू जय अम्बे स्टेट यूनिट नंबर ७ नियर HP गैस गोडाउन घोड़देव फाटक रोड भायंदर ईस्ट ४०११०५ जिल्हा ठाणे से मुद्रित किया गया। टेलीफैक्स:-०२५०-२४४००५८, ९९६००२७७२५, ०९८९०५२८५८४,(किसी भी वाद-विवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र-पालघर) हमारा ई-मेल का पता है:- mktimes2007@gmail.com, R.N.I. NO MAHHIN/2008/25162, कार्यकारी संपादक- आकाश सिंह -
ठाणे ब्रान्च ऑफीस शॉप नं. ४, ब्रम्हांड सर्कल, हायर्इ रिजन्सी समोर, साईकृपा बेकरी जवळ, आझाद नगर, कोलशेत रोड, ठाणे (प) ४००६०७

Extent of Jurisdiction – Palghar/Thane/Raigad/Ratnagiri/Sindhudurg

| Sr.No. | Particulars of Election Officers | Name | Designation | Office Address | Contact Telephone & Mobile Nos. | Extent of Jurisdiction |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Electoral Registration Officer | Dr.Mahendra Kalyankar | Divisional Commissioner, Konkan Division | Divisional Commissioner Office, Konkan Division, Konkan Bhavan, Navi Mumbai | 022-27571324 | Districts-Palghar Thane Raigad Ratnagiri Sindhudurg |
| 2 | Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Govind M.Bodake | Collector Palghar | Collector Office, Palghar | 02525-253111 | Palghar District |
| 3 | Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Ashok Shingare | Collector Thane | Collector Office, Thane | 022-25454142 | Thane District |
| 4 | Assistant Electoral Registration Officer | Dr.Mahendra Kalyankar | Collector Raigad | Collector Office , Raigad, Alibag | 02141-224131 | Raigad District |
| 5 | Assistant Electoral Registration Officer | Shri. M. Devender Singh | Collector Ratnagiri | Collector Office, Ratnagiri | 02352-222301 | Ratnagiri District |
| 6 | Assistant Electoral Registration Officer | Smt.K.Manjulekshmi | Collector Sindhudurg | Collector Office, Sindhudurg | 02362-228844 | Sindhudurg District |
| 7 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Surendra Nawale | Sub-Divisional Officer, Dahanu (Addi.Charge) | Office of Sub-Divisional Officer, Dahanu | 02528 - 222610 | Dahanu and Talasari Tahsil |
| 8 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt.Ayushi Singh (I.A.S) | Sub-Divisional Officer, Jawhar | Office of Sub-Divisional Officer, Jawhar | 02520-222427 | Jawhar and Mokhada Tahsil |
| 9 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Swapnil Tangade | Sub-Divisional Officer, Vasai | Office of Sub-Divisional Officer, Vasai | 0250-2320880 | Vasai Tahsil |
| 10 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Dhanaji Toraskar | Sub-Divisional Officer, Palghar | Office of Sub-Divisional, Officer,Palghar | 02525-297272 | Palghar Tahsil |
| 11 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Bhawanji Aage Patil | Sub-Divisional Officer, Wada | Office of Sub-Divisional Officer, Wada | 02520-271422 | Wada and Vikramgad Tahsil |
| 12 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Uddhav Kadam | Tahsildar Wada | Tahsil Office, Wada | 02526-271431 | Wada Tahsil |
| 13 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt.Charushila Pawar | Tahsildar Vikramgad | Tahsil Office, Vikramgad | 02520-240905 | Vikramgad Tahsil |
| 14 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt.Asha Tamkhede-Shedge | Tahsildar Jawhar | Tahsil Office, Jawhar | 02520-222426 | Jawhar Tahsil |
| 15 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Shridhar Galipelli | Tahsildar Talasari | Tahsil Office, Talasari | 02521-220018 | Talasari Tahsil |
| 16 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt.Ujwala Bhagat | Tahsildar Vasai | Tahsil Office,Vasai | 0250-2322007 | Vasai Tahsil |
| 17 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Chandrakant Shelke | NA Tahsildar Vasai | Tahsil Office,Vasai | 0250-2322007 | Vasai Tahsil |
| 18 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Abhijeet Deshmukh | Tahsildar Dahanu | Tahsil Office, Dahanu | 02528-251182 | Dahanu Tahsil |
| 19 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Sunil Shinde | Tahsildar Palghar | Tahsil Office, Palghar | 02525-254930 | Palghar Tahsil |
| 20 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Mayur Khengale | Tahsildar Mokhada | Tahsil Office, Mokhada | 02529-256826 | Mokhada Tahsil |
| 21 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Avinash Shinde | Sub- Divisional Officer, Thane | Office of Sub- Divisional Officer, Thane | 022-25345110 | Thane Tahsil |

# 12 वीं कक्षा के छात्र से कांपे गुरुजी, मुंह में तमंचे की नाल ठूंसकर बोला- जान से मार दूंगा

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में 12वीं कक्षा के छात्र का दुस्साहस देख शिक्षक कांप गया। छात्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले उसकी पिटाई की, फिर मुंह में तमंचे की नाल डालकर बोला- शिकायत की तो जान से मार दूंगा। पीड़ित शिक्षक ने आरोपित छात्र व उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। पुलिस ने शिक्षक को सुरक्षा का भरोसा दिया है। मामला लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी क्षेत्र के खंदेवरा गांव निवासी सुनील कुमार से जुड़ा हैं।वह रोजा क्षेत्र के उदियापुर गांव स्थित पितृ सिंह यादव इंटर कालेज में शिक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 10 दिन पहले 12 वीं का छात्र कक्षा में गाली-गलौज कर रहा था। विरोध पर अन्य छात्रों से अभद्रता की। इसकी सूचना पर कक्षा में पहुंचकर उसे डांट दिया था। उसके पिता को बुलाकर सुधार की बात कही। इसी बात से छात्र रंजिश मान बैठा। उन्होंने बताया कि वह 27 सितंबर को छुट्टी होने के बाद घर लौट रहे थे।गांव से कुछ ही दूरी पर आरोपित छात्र व उसके साथियों ने उनकी मोटर साइकिल रूकवा ली। आरोप है कि चारों ने उन्हें लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया।



# रिश्ते का कत्ल, छोटे ने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला; आरोपित फरार

**सुल्तानपुर।** कहासुनी में बड़े भाई को छोटे भाई ने पीट-पीटकर मार डाला। आरोपित नशे में धुत था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थानीय थाने बके तीर गांव तिवारीपुर में हुई। गुरुवार देरात सोने जा रहे रणविजय सिंह की छोटे भाई चंद्र विजय सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ी की मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान चंद्र विजय ने लकड़ी के टुकड़े (फंटी) से ताबड़तोड़ प्रहार किया, इस कारण बड़ा भाई बुरी तरह घायल होकर गिर पड़ा। चीख पुकार पर जबतक आसपास के लोग पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। कुड़वार प्रभारी निरीक्षक संदीप राय व धनपतगंज के श्रीराम पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपित को घटना में इस्तेमाल लकड़ी के टुकड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। कहासुनी में ऐसा हुआ। आरोपित नशे में था। कोई अन्य कारण अबतक तक सामने नहीं आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।




# झूठा निकला नाबालिग के अपहरण का मामला, पड़ोसन के साथ भागा छात्र

**बरेली।** बरेली में पड़ोसन पर नाबालिग छात्र के अपहरण का मामला झूठा निकला।छात्र प्रेम प्रसंग में पड़ोसन के साथ भाग गया।दोनो की लोकेशन राजस्थान मिली हैं।जिनकी तलाश पुलिस टीमें कर रही हैं। पड़ोसन पर नाबालिग के अपहरण मामले में नया मोड़ आ गया। दोनो के बीच प्रेम-प्रसंग चलने की बात सामने आई है।जिसके चलते पडोसन छात्र को अपने साथ ले गई है।पुलिस को दोनों की लोकेशन भी राजस्थान में मिली है। इसके अलावा जिसे नौवीं का छात्र बताकर नाबालिग बताया जा रहा था वह बालिग निकला।

बुधवार को बिथरी चैनपुर थाने में विधवा ने बेटे के अपहरण की प्राथमिकी लिखाई थी। आरोप लगाया था कि 26 सितंबर को पडोसन बेटे को अपने साथ ले गई। बाजार जाने की बात कहकर महिला उसे साथ ले गई, फिर लौटकर नहीं आई। दोनों के मोबाइल फोन भी बंद हो गए।

आरोप लगाया कि पिता की मौत के बाद सारी संपति बेटे के नाम है। ऐसे में षड़यंत्र के तहत महिला उसे साथ ले गई है। बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताई। इंस्पेक्टर बिथरी चैनपुर शितांशु शर्मा ने बताया कि दोनों की लोकेशन राजस्थान में मिली है। छात्र बालिग है। दोनों में प्रेम-प्रसंग की बात सामने आई है। दोनों की तलाश के लिए टीम लगी है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Abhijit Bhande Patil | Sub- Divisional Officer,Kalyan | Office of Sub- Divisional Officer, Kalyan | 0251-2201118 | Kalyan and Murbad Tahsil |
| 23 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Jayraj Karbhari | Sub- Divisional Officer, Ulhasnagar | Office of Sub-Divisional Officer, Ulhasnagar | 0251-2568685 | Ambarnath and Ulhasnagar Tahsil |
| 24 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Balasaheb Wakchaure | Sub- Divisional Officer, Bhivandi | Office of Sub- Divisional Officer, Bhivandi | 02522-254453 | Bhivandi and Shahapur Tahsil |
| 25 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Jayraj Deshmukh | Tahsildar Kalyan | Tahsil Office, Kalyan | 0251-2315124 | Kalyan Tahsil |
| 26 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Shweta Pawar | Land Non Agriculture Tahsildar, Kalyan | P. B. Bhave Hall, Ground Floor, Mahatma Gandhi Road, Dombivali (West) | 0251-2492323 | 143 Dombivali Assembly Constituency Area |
| 27 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Sandeep Awari | Tahsildar Murbad | Tahsil Office, Murbad | 02524-222225 | Murbad Tahsil |
| 28 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Adhik Patil | Tahsildar Bhiwandi | Tahsil Office, Bhiwandi | 02522-257353 | Bhiwandi Tahsil |
| 29 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Yuvraj Bangar | Tahsildar Thane | Tahsil Office, Thane | 022-25331164 | Thane Tahsil |
| 30 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Satvashila Shinde | Asst. Supply Officer, Konkan Bhavan, Navi Mumbai and Assistant Electoral Registration Officer 151 Belapur | Near Govt. Canteen Room No. 121, First Floor, Konkan Bhavan , Belapur | 022-20874486 | 150 Airoli and 151 Belapur Assembly Constituency Area |
| 31 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Nilima Suryawanshi | Tahsildar Shahapur | Tahsil Office, Shahapur | 02527-272068 | Shahapur Tahsil |
| 32 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt.Prashanti Mane | Tahsildar Ambarnath | Tahsil Office, Ambarnath | 0251-2688000 | Ambarnath Tahsil |
| 33 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Komal Thakur | Tahsildar Ulhasnagar. | Tahsil Office, Ulhasnagar | 0251-2530568 | Ulhasnagar Tahsil |
| 34 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Nandkumar Deshmukh | Additional Tahsildar | Additional Tahsildar Office, Bhayandar (west) | 022-28185916 | Mira Bhayandar |
| 35 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Rahul Mundake | Sub- Divisional Officer, Panvel | Office of Sub-Divisional Officer, Panvel | 022-27452328 | Panvel and Uran Tahsil |
| 36 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Ajit Nairale | Sub- Divisional Officer, Karjat | Office of Sub- Divisional Officer, Karjat | 02148-233499 | Karjat and Khalapur Tahsil |
| 37 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Umesh Birari | Sub-Divisional Officer, Mangaon | Office of Sub-Divisional Officer, Mangaon | 02140-263141 | Mangaon and Tala Tahsil |
| 38 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Vitthal Inamdar | Sub- Divisional Officer, Pen | Office of Sub-Divisional Officer, Pen | 02143-253000 | Pen Tahsil |
| 39 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Prashant Dhage | Sub-Divisional Officer, Alibag | Office of Sub -Divisional Officer, Alibag | 02141-224434 | Alibag and Murud Tahsil |
| 40 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Amit Shedge | Sub-Divisional Officer, Shriwardhan | Office of Sub-Divisional Officer, Shriwardhan | 02147-222435 | Shriwardhan and Mhasala Tahsil |
| 41 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Pratima Pudalwad | Sub-Divisional Officer, Mahad | Office of Sub-Divisional Officer, Mahad | 02145-222136 | Mahad and Poladpur Tahsil |

# ज्वैलरी शोरूम से करोड़ों का सोना लेकर कारीगर फरार, आखिरी लोकेशन दिल्ली में मिली

मेरठ। मेरठ में नील की गली में स्थित ज्वैलरी शोरूम के कारीगर करोड़ों रुपये का सोना और जेवर लेकर फरार हो गए। उनकी आखिरी लोकेशन दिल्ली में मिली है। बाद में दोनों का मोबाइल फोन भी बंद हो गया। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देहली गेट थाना क्षेत्र के पूर्वा महावीर नगर निवासी शफीकुल का नील की गली में हल्दर नाम से ज्वैलरी शोरूम हैं। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले कोलकाता निवासी चिरंजीत और देबाशीष निवासी डुबरीभेरी किरचा हुगली पश्चिम बंगाल को काम पर रखा था। सारा कामकाज वही देख रहे थे। बुधवार को



जेवर बनाने के लिए उनको काफी सोना दिया था। बाजार के अन्य व्यापारियों का भी उनके पास सोना था। कुछ के जेवर भी थे। देर शाम से उनका कहीं पता नहीं चल रहा है। हालांकि बुधवार रात दोनों ने वाट्सएप के जरिये फोन पर बात की थी और किसी रिश्तेदार के यहां जाना बताया था। गुरुवार को लौटने के लिए कहा था, लेकिन आए नहीं। इसके बाद गुरुवार शाम को व्यापारी देहली गेट थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ तहरीर दी।

सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने बताया कि तहरीर पर चिरंजीत और देवाशीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उनकी तलाश में टीम जुटी हुई है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, व्यापारी के बेटे शाहिद का कहना है कि मैनेजर और कर्मचारी के बारे में जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

# लावारिस मिली कार में खून के धब्बे, ड्राइवर लापता; अपहरण का मुकदमा

गोंडा। रेलवे स्टेशन के सामने लावारिस हालात में खून लगी एक कार पाई गई। कार में खून लगा हुआ चालक का मोबाइल फोन पाया गया है। चालक लापता है। टोयटा इटियास कार महाराजगंज जिला के थाना व गांव कोल्हई के रहने वाले महेंद्र सिंह की है। चालक भी कार मालिक के गांव का ही रहने वाला है। चालक के भाई की तहरीर पर नगर कोतवाली में




अपहरण का मुकदमा किया गया है। नगर कोतवाली पंकज सिंह ने बताया कि कि बीते 27 सितंबर को गोरखपुर कैंट रेलवे स्टेशन के सामने इरफान कार के साथ खड़ा था। रात करीब दस बजे तीन व्यक्ति आते हैं और लखनऊ जाने के लिए कार को नौ हजार रुपये में बुक कराते हैं। इसके बाद वह लोग लखनऊ के रवाना होते हैं। कोतवाल ने बताया कि कार चालक इरफान की मोबाइल रीचार्ज नहीं थी। रास्ते में संत कबीर नगर में चालक ने रात करीब सवा 11 बजे कार में सवार एक लोग से मोबाइल लेकर अपने एक चालक साथी को फोन कर रीचार्ज कराने को कहता है। इसके कुछ देर बाद चालक व कार में सवार लोगों का मोबाइल बंद हो जाता है।

# पिता ने ही किया था अपने बच्चों का अपहरण, हैरान करने वाला है इसका कारण

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कालेज से गायब हुए भाई-बहन का अपहरण का पिता ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर किया था। तलाश में जुटी गुलरिहा थाना पुलिस ने दोनों को रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार कर अपहृत भाई-बहन को सकुशल बरामद कर लिया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि बेतिया (बिहार) के रामनगर थानाक्षेत्र स्थित रामनगर गुजराधुस निवासी प्रतिमा की तबीयत खराब है। ससुर व मां ने उसे बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। 24 सितंबर की सुबह बीआरडी मेडिकल कालेज में रैन बसेरा के पास से खेल रहा प्रतिमा का सात साल का बेटा व आठ साल की बेटी गायब हो गए। खोजबीन के पता न चलने पर ससुर सुकुट गौड़ ने अपने बेटे रानू के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Vitthal Inamdar | Sub-Divisional Officer, Roha | Office of Sub-Divisional Officer, Roha | 02194-235954 | Roha and Sudhagad Tahsil |
| 43 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Vijay Talekar | Tahsildar Panvel | Tahsil Office, Panvel | 022-27452399 | Panvel Tahsil |
| 44 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Dr. Shital Rasal | Tahsildar Karjat | Tahsil Office, Karjat | 02148-222037 | Karjat Tahsil |
| 45 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Aayub Tamboli | Tahsildar Khalapur | Tahsil Office, Khalapur | 02192-275048 | Khalapur Tahsil |
| 46 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Dr. Bhausaheb Andhare | Tahsildar Uran | Tahsil Office, Uran | 022-27222352 | Uran Tahsil |
| 47 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Swapnali Doiphode | Tahsildar Pen | Tahsil Office,Pen | 02143-252036 | Pen Tahsil |
| 48 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Kavita Jadhav | Tahsildar Roha | Tahsil Office, Roha | 02194-233222 | Roha Tahsil |
| 49 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Dilip Rayannavar | Tahsildar Sudhagad | Tahsil Office, Sudhagad-Pali | 02142-242665/ 224694 | Sudhagad-Pali Tahsil |
| 50 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Minal Dalavi | Tahsildar Alibag | Tahsil Office, Alibag | 02141-222054 | Alibag Tahsil |
| 51 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Rohan Shinde | Tahsildar Murud | Tahsil Office, Murud | 02144-274026 | Murud Tahsil |
| 52 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Sachin Gosavi | Tahsildar Shriwardhan | Tahsil Office, Shriwardhan | 02147-222226 | Shriwardhan Tahsil |
| 53 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Priyanka Ayare | Tahsildar Mangaon | Tahsil Office, Mangaon | 02140-262632 | Mangaon Tahsil |
| 54 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Samir Ghare | Tahsildar Mhasala | Tahsil Office, Mhasala | 02149-232224 | Mhasala Tahsil |
| 55 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Annappa Kanashetty | Tahsildar Tala | Tahsil Office, Tala | 02140-269317 | Tala Tahsil |
| 56 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Suresh Kashid | Tahsildar Mahad | Tahsil Office, Mahad | 02145-222142 | Mahad Tahsil |
| 57 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Dipti Desai | Tahsildar Poladpur | Tahsil Office, Poladpur | 02191- 240026 | Poladpur Tahsil |
| 58 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Sharad Pawar | Sub- Divisional Officer, Dapoli | Office of Sub- Divisional Officer, Dapoli | 02358-282031 | Mandangad and Dapoli Tahsil |
| 59 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Rajshree More | Sub- Divisional Officer, Khed | Office of Sub- Divisional Officer, Khed | 02356-264888 | Khed Tahsil |
| 60 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri.Pravin Pawar | Sub- Divisional Officer, Chiplun | Office of Sub- Divisional Officer, Chiplun | 02355-252046 | Chiplun and Guhagar Tahsil |
| 61 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Vikas Suryavanshi | Sub- Divisional Officer, Ratnagiri | Office of Sub -Divisional Officer, Ratnagiri | 02352-222422 | Ratnagiri and Sangameshwar Tahsil |
| 62 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Vaishali Mane | Sub- Divisional Officer, Rajapur | Office of Sub-Divisional Officer, Rajapur | 7507488819 | Rajapur and Lanja Tahsil |

Adv K.B.Kumare

**PUBLIC NOTICE**
**IN THE COURT OF SHRI.S.R.VADALI, EXT.JT. DISTRICT JUDGE & MOTOR ACCIDENT CLAIM TRIBUNAL**

M.A.C.P. NO. 72/18
Exh.No.33

Hitesh Shankarlal Jain ..... Applicant
V/S.
M/s Ani Tech Pvt.Ltd. and others .... Opponents

To,

M/s R.K.Tours & Travels
Prop. Rohel Karim Dawoodani,
at A/403, Royal Residency Market yard Marg,
Vishrali Naka, Panvel, Maharashtra 401 206

Whereas the above named applicant has filed M.A.C.P. 72/2018 in this court against you & others.

You are hereby given notice to appear in the matter in person or by pleader duly instructed and to file your say on or before 18/10/2022 at 10.30 a.m. Failing which the said application will be heard in your absence and determined Ex-parte.

Given under my hand and seal of the court this 28th September 2022.

**By Order,**

**Superintendent,**
**M.A.C.T., VASAI**

# क्राइम ब्रांच 02 की ताबड़तोड़ कार्रवाई में पकड़े गए 3 शातिर मोबाइल चोर

वसई ; एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच 02 वसई यूनिट की टीम ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है,दरअसल टीम ने 3 शातिर को गिरफ्तार कर,उनके पास से 2 लाख से ज्यादा का माल जप्त करते हुए 13 (लूट ) मामलों की गुत्थी सुलझा ली है। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि, मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की सीमा में मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑटोरिक्शा और मोटरसाइकिल में यात्रा करने वाले यात्रियों के मोबाइल फोन जबरन चोरी की घटनाएं पिछले कुछ दिनों से हो रही हैं, इसी के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उक्त घटनाओं को रोकने और अपराधों को सामने लाने के निर्देश दिए थे. वरिष्ठजनों द्वारा दिये गये निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुसार क्राइम ब्रांच-2 वसई ने अलग-अलग टीमों का गठन कर जबरन चोरी के अपराध स्थल का दौरा किया तथा तकनीकी साक्ष्यों को जब्त कर गुप्त सूचना देने वाले को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर ऊझेर शाहीद अन्सारी (21),सलमान हारुन अन्सारी और उसैर फुरकान अन्सारी (22) को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि, जांच करने पर पता चला है कि वह वालिव पुलिस स्टेशन और पेल्हार थाने में दर्ज जबरन चोरी के 13 मामलों का खुलासा हुआ है।पुलिस के मुताबिक,उक्त आरोपियों के पास विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फ़ोन व अपराध में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई है। कुलमिलाकर 2,08,490/- रुपये का माल जप्त किया गया है। यह कार्रवाई डीसीपी (क्राइम ) विजयकांत सागर ,एसीपी (क्राइम ) अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच 02 यूनिट के पीआई साहूराज रनवरे के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच 02 के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने की है।




# मां ने बेरहमी से की सौतेले बेटे की पिटाई, दर्द में मासूम ने तोड़ा दम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे से दिल को झकझोर कर रख देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक मां ने अपने साढ़े तीन साल के बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह वाकया डोम्बिवली का है। तिलक नगर पुलिस स्टेशन से एक अधिकारी ने बताया, पुलिस ने गुरुवार को अमितादेवी संजय जायसवाल (28) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Dattatray Berde | I/C. Tahsildar Mandangad/ Election Naib Tahsildar | Tahsil Office, Mandangad | 02350-225236 | Mandangad Tahsil |
| 64 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Vaishali Patil | Tahsildar Dapoli | Tahsil Office, Dapoli | 02358-282036 | Dapoli Tahsil |
| 65 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Prajakta Ghorpade | Tahsildar Khed | Tahsil Office, Khed | 02356-263031 | Khed Tahsil |
| 66 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Pratibha Varale | Tahsildar Guhagar | Tahsil Office, Guhagar | 02359-240237 | Guhagar Tahsil |
| 67 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Tanaji Shejal | I/C. Tahasildar Chiplun/ Residential Naib Tahsildar | Tahsil Office, Chiplun | 02355-252044 | Chiplun Tahsil |
| 68 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Suhas Thorat | Tahsildar Sangameshwar | Tahsil Office, Sangameshwar | 02354-260024 | Sangameshwar Tahsil |
| 69 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Shashikant Jadhav | Tahsildar Ratnagiri | Tahsil Office, Ratnagiri | 02352-223127 | Ratnagiri Tahsil |
| 70 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Pramod Kadam | Tahsildar Lanja | Tahsil Office, Lanja | 02351-230024 | Lanja Tahsil |
| 71 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Sheetal Jadhav | Tahsildar Rajapur | Tahsil Office, Rajapur | 02353-222027 | Rajapur Tahsil |
| 72 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Vaishali Mohan Rajmane | Sub- Divisional Officer, Kankavli | Office of Sub- Divisional Officer, Kankavli | 02367-232092 | Devgad, Vaibhavwadi and Kankavli Tahsil |
| 73 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Smt. Vandana Madhukar Kharmale | Sub -Divisional Officer, Kudal | Office of Sub- Divisional Officer, Kudal | 02362-223325 | Malvan and Kudal Tahsil |
| 74 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Prashant Shantaram Panvekar | Sub- Divisional Officer, Sawantwadi | Office of Sub- Divisional Officer, Sawantwadi | 02363-272029 | Vengurla, Sawantwadi and Dodamarg Tahsil |
| 75 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Shrikrishna Shankar Thakur | Tahsildar Devgad | Tahsil Office, Devgad | 02364- 262204 | Devgad Tahsil |
| 76 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Shivaji Rathod | Tahsildar Vaibhavwadi | Tahsil Office, Vaibhavwadi | 02367- 237239 | Vaibhavwadi Tahsil |
| 77 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Ramesh Jethya Pawar | Tahsildar Kankavali | Tahsil Office, Kankavali | 02367- 232025 | Kankavli Tahsil |
| 78 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Ajay Keshavrao Patne | Tahsildar Malvan | Tahsil Office, Malvan | 02365- 252045 | Malvan Tahsil |
| 79 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Amol Bhagchand Pathak | Tahsildar Kudal | Tahsil Office, Kudal | 02362- 222525 | Kudal Tahsil |
| 80 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Pravin Abaji Lokare | Tahsildar Vengurla | Tahsil Office, Vengurla | 02366 -262053 | Vengurla Tahsil |
| 81 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Shridhar Bajirao Patil | Tahsildar Sawantwadi | Tahsil Office, Sawantwadi | 02363- 272028 | Sawantwadi Tahsil |
| 82 | Designated Officer and Assistant Electoral Registration Officer | Shri. Arun Atmaram Khanolkar | Tahsildar Dodamarg | Tahsil Office, Dodamarg | 02363- 256518 | Dodamarg Tahsil |

Electoral Registration Officer
Konkan Division Teachers' Constituency

# जमीन मालिक व बिल्डर पर IPC एक्ट 188 के तहत मामला दर्ज

## पूर्व में दर्ज हुआ था MRTP.

